तापमान

अधिकतम 45.0 डिग्री सें
न्यूनतम 21.4 डिग्री सें

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार 12 जून 2026

11 पं. राम प्रसाद बिस्मिल को जयंती पर किया नमन



12 वाह रे जिला प्रशासनः जो जिम्मेदारी वही किया...



**खबर संक्षेप**

### झुग्गियों में आग लगी, दो परिवारों का सामान जला

**गोहाना।** शहर की नई सब्जी मंडी के पीछे स्थित झुग्गियों में बुधवार देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की चपेट में आने से दो झुग्गियां पूरी तरह जलकर राख हो गईं। हादसे में घरेलू सामान, कपड़े और नकदी भी जल गई। हालांकि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार नई सब्जी मंडी के पीछे करीब 42 झुग्गियां बनी हुई हैं, जिनमें अधिकांश मारवाड़ी परिवार रहते हैं। देर रात अज्ञात कारणों से एक झुग्गी में आग लग गई, जिसने देखते ही देखते पास की दूसरी झुग्गी को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें उठती देख आसपास के लोगों ने दमकल विभाग और पुलिस को सूचना दी।

### जमीन बेचने के नाम पर छह लाख की ठगी का आरोप

**गन्नौर।** गांव गढ़ी केसरी निवासी एक व्यक्ति ने जमीन बेचने के नाम पर लाखों रुपये की ठगी करने और फर्जी व्यक्ति को जमीन मालिक बताकर रजिस्ट्री कराने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मामले में थाना गन्नौर पुलिस को शिकायत दी गई है। शिकायतकर्ता धर्मबीर ने बताया कि गांव घसौली निवासी सुमित के साथ उसकी 2 कनाल 13 मरले जमीन खरीदने का सौदा हुआ था। आरोप है कि उसने विभिन्न किश्तों में करीब छह लाख रुपये का भुगतान किया। सुमित ने तय समय पर जमीन की रजिस्ट्री कराने का भरोसा दिया था। धर्मबीर के अनुसार दस्तावेजों की जांच में पता चला कि जमीन सुमित के नाम पर नहीं है। पूछने पर सुमित ने जमीन अपने भाई विनीत के नाम होने की बात कही और उसके दस्तावेज भेज दिए। बाद में रजिस्ट्री के लिए तहसील पहुंचने पर संदेह होने पर जांच की गई तो कथित रूप से विनीत की जगह कुलदीप नामक युवक सामने आया। शिकायतकर्ता ने सुमित और कुलदीप पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 15 को लगेगा रोजगार पंजीकरण शिविर


**गन्नौर।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) कार्यालय में 15 जून को विशेष रोजगार पंजीकरण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य युवाओं को रोजगार संबंधी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देना है। सहायक रोजगार अधिकारी अभिषेक संधू ने बताया कि केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में इस विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पात्र युवाओं का पंजीकरण किया जाएगा तथा उन्हें विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं और अवसरों की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## रंजिश में शराब व्यवसायी के घर के बाहर ताबड़तोड़ फायरिंग, खिड़की में लगी गोली

■ पांच नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

■ गुमड़ में वारदात से हड़कंप

**गन्नौर।** गांव गुमड़ में देर रात एक शराब व्यवसायी के घर के बाहर फायरिंग का मामला सामने आया है। फायरिंग में कारोबारी बाल-बाल बच गया, जबकि एक गोली घर की खिड़की के शीशे में जा लगी। आरोपित मौके पर कारोबारी की कार का शीशा भी तोड़ गए। पुलिस ने पांच नामजद आरोपितों समेत अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गुमड़ निवासी कुनाल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पुरानी रंजिश के चलते मोहित और उसके साथियों ने पहले फोन पर गाली-गलौज की। इसके बाद देर रात मोहित, मनोज, रवि, बच्ची, काला और अन्य युवक उसके घर पहुंच गए। आरोप है कि आरोपितों ने गाली-गलौज करने के बाद जान से मारने की नीयत से कई राउंड फायरिंग की। एक गोली घर की खिड़की के शीशे में लगी, जबकि अन्य गोलियों से वह बाल-बाल बच गया। शिकायत के अनुसार हमलावरों ने उसकी कार का शीशा भी तोड़ दिया। शोर सुनकर परिजनों ने विरोध किया, जिसके बाद आरोपित अपनी कार मौके पर छोड़कर फरार हो गए।





**गन्नौर।** गोली लगने से चटका शीश व क्षतिग्रस्त कार।

### युवक पर पहले भी हो चुकी फायरिंग

कुनाल ने शिकायत में बताया कि करीब एक वर्ष पहले मिट्टी के लेन-देन को लेकर मनोज के साथ विवाद हुआ था। आरोप है कि उसी रंजिश के चलते पहले भी उस पर फायरिंग की गई थी, जिसके संबंध में गन्नौर थाने में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## कुलदीप मौत मामले में नया मोड़, नशीला पदार्थ देने के आरोप में एक गिरफ्तार

■ संदिग्ध मौत मामले में गैर इरादतन हत्या का केस, एक आरोपी फरार

**गोहाना।** गांव गढ़ी उजाले खां निवासी 30 वर्षीय कुलदीप की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने युवक को कथित रूप से नशीला पदार्थ उपलब्ध कराने वाले दो युवकों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। इनमें से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। कुलदीप पंचकूला में पेंटर का काम करता था और कुछ दिन पहले ही गांव आया था। 24 मई को उसका शव शहर के सेक्टर-7 स्थित एक खाली प्लॉट में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। उसके हाथ में सिरिंज लगी हुई थी। उस समय किसी पक्ष की ओर से शिकायत नहीं मिलने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। बाद में कुलदीप के एक मित्र ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया कि आर्य नगर निवासी सोनू और उसका एक साथी लंबे समय से कुलदीप को नशीले पदार्थ उपलब्ध करा रहे थे। परिजनों द्वारा कई बार समझाने के बावजूद दोनों ने यह सिलसिला जारी रखा। शिकायत के अनुसार आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए नशीले पदार्थ के अत्यधिक सेवन से कुलदीप की मौत हुई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया। कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी सोनू को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश में दबिश दी जा रही है। एसीपी संदीप धनखड़ ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और अन्य तकनीकी तथ्यों का भी विश्लेषण किया जाएगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



### भर्ती प्रक्रिया में रिकॉर्ड से छेड़छाड़ और अनियमितताओं के आरोप

# आशा भर्ती प्रकरण में तीन डॉक्टरों और पूर्व सीएमओ पर गिरेगी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

■ स्वास्थ्य विभाग ने मांगी 15 दिन में कार्रवाई रिपोर्ट

■ अतिरिक्त मुख्य सचिव ने महानिदेशक को लिखा पत्र, अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश

सोनीपत नागरिक अस्पताल में वर्ष-2025 की आशा वर्कर भर्ती में कथित अनियमितताओं के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को पत्र लिखकर पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सहित चार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पत्र के अनुसार डॉ. प्रियंका, डॉ. माया जैन और डॉ. उपेंद्र के खिलाफ हरियाणा सिविल सेवा नियम-2016 के नियम-7 के तहत तथा पूर्व सीएमओ डॉ. ज्योत्सना के खिलाफ नियम-8 के तहत कार्रवाई करने को कहा गया है। साथ ही 15 दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि संबंधित अधिकारियों को समय पर आरोप-पत्र जारी किए जा सकें। गौरतलब है कि न्याय युद्ध मंच के संस्थापक एवं सामाजिक कार्यकर्ता देवेंद्र गौतम ने अप्रैल माह में सोनीपत के नागरिक अस्पताल में वर्ष 2025 की आशा वर्कर भर्ती में बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का खुलासा किया था। देवेंद्र गौतम ने पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया था कि इस मामले में अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) सोनीपत की जांच रिपोर्ट ने भी गंभीर गड़बड़ियों की पुष्टि की गई है। आरोप है कि जांच में सामने आया है कि आधिकारिक रिकॉर्ड में छेड़छाड़ की गई। उम्मीदवारों को मनमाने तरीके से अंक दिए गए। फर्जी या बाद में बनाए गए दस्तावेजों के आधार पर चयन में भेदभाव किया गया। दस्तावेजों में बदलाव के लिए व्हाइटनर का उपयोग किया गया। सीएमओ की ओर से चयन प्रक्रिया में बिना अधिकार के हस्तक्षेप किया गया। अंतिम मेरिट सूची में अनधिकृत बदलाव कर उसे मंजूरी दी गई। गौतम ने मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से दोषी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा भर्ती प्रक्रिया में वंचित रह गए पात्र उम्मीदवारों को न्याय दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्ति और देय लाभ दिए जाने चाहिए।




नागरिक अस्पताल

### डिस्ट्रिक आशा कोर्डिनेटर पर भी कार्रवाई की मांग

अब देवेंद्र गौतम का कहना है कि विभाग ने देरी से कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को छूट देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्य अधिकारी की शह पर ही बड़े भ्रष्टाचार किए जाते हैं। ऐसे में अधिकारियों पर बड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए थी। वह मामले में आगे भी जनता के हक की लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि मामले में डिस्ट्रिक आशा कोर्डिनेटर का भी अहम रोल था, लेकिन उन पर कार्रवाई का कोई जिक्र नहीं किया गया है। कुछ अधिकारियों को चार्जशीट करने या उन पर कार्रवाई करने का दिखावा करके केवल जनता को बरगलाने का काम किया गया है। बाद में ऐसे अधिकारियों को बहाल कर दिया जाता है। मामले में जल्द ही कोर्ट का रुख किया जाएगा। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री से मांग है कि ऐसे अधिकारियों पर मुकद्दमा दर्ज करवाया जाए, क्योंकि अधिकारियों ने सीधे तौर पर बेरोजगारों की नौकरी पर सीधा प्रहार करने का काम किया था। मांग है कि जिन पात्र योग्य उम्मीदवारों को नौकरी नहीं मिल पाई, उन्हें नौकरी दिलवाई जाए।

## ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर बदलने व तारों का जाल हटाने की मांग

■ मेयर व पार्षदों की बिजली निगम के साथ बैठक



**सोनीपत।** बैठक में हिस्सा लेते मेयर, पार्षद और बिजली निगम अधिकारी।

**सोनीपत।** नगर निगम पार्षदों ने उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर में बिजली व्यवस्था से जुड़ी विभिन्न समस्याएं उठाईं। बैठक में ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर बदलने, जर्जर खंभों को हटाने, नए ट्रांसफॉर्मर लगाने, ट्रांसफॉर्मरों की अर्थिंग दुरुस्त करने तथा गलियों में फैले तारों के जाल को समाप्त करने की मांग की गई। बैठक की अध्यक्षता मेयर राजीव जैन ने की। इसमें निगम के कार्यकारी अभियंता रणबीर देशवाल, आर.के. शर्मा, उपमंडल अभियंता कार्तिक रोहिल्ला, प्रदीप खोखर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि गर्मी के मौसम में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। मेयर राजीव जैन ने सड़कों पर पड़े बिजली के खंभों को तत्काल हटाने और पार्षदों द्वारा उठाई गई समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में यदि कोई अधिकारी पार्षदों का फोन नहीं उठाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से रखा।

## भूरी में पेयजल संकट दूर करने को प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**सोनीपत।** ग्राम पंचायत भूरी में सार्वजनिक भूमि पर कथित अतिक्रमण के कारण पेयजल परियोजना प्रभावित होने का मामला सामने आया है। ब्राह्मण समाज के प्रदेशाध्यक्ष जसमिंदर कौशिक ने प्रशासन से हस्तक्षेप कर ग्रामीणों की पेयजल समस्या का समाधान कराने की मांग की है। जसमिंदर कौशिक ने बताया कि गांव की जोहड़ भूमि, खसरा नंबर-45, रकबा 13 कनाल 17 मरला पर सरकार द्वारा आमजन की सुविधा के लिए जनस्वास्थ्य विभाग का ट्यूबवेल स्थापित किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए अनुदान भी स्वीकृत हो चुका है, लेकिन भूमि पर अतिक्रमण होने के कारण परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही है।उन्होंने बताया कि इस संबंध में 15 मई 2026 को उपायुक्त को शिकायत दी गई थी। वहीं पंचायत निदेशक, पंचकूला ने भी 5 जून को जिला प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद अभी तक भूमि की पैमाइश और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हुई है।

## सोहटी में अवैध कॉलोनी पर चला बुलडोजर



**खरखौदा।** सोनीपत महानगर विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) ने गांव सोहटी की राजस्व संपदा में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्यों को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई खरखौदा के आसपास घोषित अतिरिक्त नियंत्रित क्षेत्र में की गई। एसएमडीए अधिकारियों के अनुसार लगभग एक एकड़ क्षेत्र में अवैध रूप से कॉलोनी विकसित की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान करीब 200 मीटर लंबी बाउंड्री वॉल, एक डीपीसी तथा कॉलोनी में बनाए गए कच्चे रास्तों को पूरी तरह तोड़ दिया गया।

## खरखौदा में 15 जून से शुरू होगा विशेष गहन पुनरीक्षण : एसडीएम

**खरखौदा।** एसडीएम अमित कुमार ने प्रेस वार्ता में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जाने वाले विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को शुद्ध, त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के उद्देश्य से यह अभियान 15 जून से 14 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसके लिए 1 जुलाई को अर्हता तिथि निर्धारित की गई है। एसडीएम ने बताया कि अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं को एन्यूमरेशन फॉर्म वितरित करेंगे और तीन दिन बाद भरे हुए फॉर्म प्राप्त करेंगे। फॉर्म वितरण के समय किसी प्रकार का दस्तावेज नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन मतदाताओं के फॉर्म वापस नहीं मिलेंगे, उन्हें अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लीकेट श्रेणी में दर्ज कर अलग-अलग सूचियां तैयार की जाएंगी। ये सूचियां संबंधित कार्यालयों और निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेंगी।




### यूनिफॉर्म, स्कूल बैग व स्टेशनरी के लिए खातों में सीधे मिलेगी आर्थिक सहायता

# अब राजकीय विद्यालयों की बालवाटिकाओं में यूनिफॉर्म में नजर आएंगे नौनिहाल, अभिभावकों की सुगम होगी डगर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राजकीय विद्यालयों की बालवाटिका-3 में अध्ययनरत बच्चों के लिए हरियाणा सरकार ने नई पहल की है। अब प्री-प्राइमरी स्तर पर पढ़ने वाले बच्चों को यूनिफॉर्म, स्कूल बैग और स्टेशनरी खरीदने के लिए प्रतिवर्ष 1000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। इससे अभिभावकों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा और बच्चों को शुरुआती शिक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। जिले के सातों ब्लॉकों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के दौरान बालवाटिका-3 में 2981 बच्चे नामांकित हैं। योजना के तहत प्रत्येक पात्र बच्चे को यूनिफॉर्म के लिए 800 रुपये तथा स्कूल बैग व स्टेशनरी के लिए 200 रुपये दिए जाएंगे। राशि सीधे डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजी जाएगी। शिक्षा विभाग के अनुसार योजना का उद्देश्य केवल आर्थिक सहायता प्रदान करना नहीं, बल्कि बालवाटिका स्तर पर नामांकन, नियमित उपस्थिति और अनुशासन को भी बढ़ावा देना है। यूनिफॉर्म लागू होने से सभी बच्चे एक समान दिखाई देंगे और समानता की भावना को बल मिलेगा। सरकार ने यह भी तय किया है कि बालवाटिका-3 के बच्चों की यूनिफॉर्म कक्षा पहली के विद्यार्थियों के अनुरूप होगी, ताकि अगले सत्र में भी वही यूनिफॉर्म उपयोग की जा सके। इससे अभिभावकों को अतिरिक्त खर्च नहीं उठाना पड़ेगा। हालांकि योजना के क्रियान्वयन में बच्चों के बैंक खाते खुलवाना एक बड़ी चुनौती होगी, क्योंकि अधिकांश बच्चों की आयु 4 से 6 वर्ष के बीच है और कई के खाते अभी तक नहीं खुले हैं। विभाग ने खाते खुलवाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।



### ब्लॉकवार बाल वाटिका के विद्यार्थी

| ब्लॉक | विद्यार्थी |
| --- | --- |
| सोनीपत | 653 |
| गन्नौर | 618 |
| राई | 508 |
| गोहाना | 420 |
| मुंडलाना | 325 |
| खरखौदा | 299 |
| कथूरा | 158 |
| कुल | 2981 |

### सरकार की सराहनीय पहल

जिला उप शिक्षा अधिकारी रविंद्र कुमार और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी रचना बाना ने बताया कि राजकीय विद्यालयों की बालवाटिका में अध्ययनरत बच्चों के लिए सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। यूनिफॉर्म से बच्चों में अनुशासन और समानता की भावना विकसित होगी। विभाग को जैसे ही आधिकारिक निर्देश प्राप्त होंगे, पात्र विद्यार्थियों के बैंक खाते खुलवाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी, ताकि उन्हें योजना का लाभ समय पर मिल सके।

## तांत्रिक गतिविधियों का विरोध करने पर महिला से मारपीट

■ पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज किया

**सोनीपत।** गांव ठरू में कथित अंधविश्वास और तांत्रिक गतिविधियों का विरोध करने पर एक महिला से मारपीट, जातिसूचक टिप्पणी और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सदर थाना पुलिस ने छह नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं तथा एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। गांव ठरू निवासी संतोष ने शिकायत में बताया कि 23 मई की रात करीब नौ बजे गांव निवासी सुरेश उर्फ बाबा सूर्य देव कथित रूप से अंधविश्वास को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में शामिल था। इसकी सूचना उन्होंने डायल-112 पर पुलिस को दी थी। महिला का आरोप है कि सूचना देने से नाराज होकर सुरेश, गुरमीत, प्रदीप, सोनू, हनी, रामचंद्र और अन्य लोग उसके घर पहुंच गए। आरोपियों ने घर के बाहर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के अनुसार पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने के बावजूद आरोपी सोनू ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उसे थप्पड़ मार दिया। पुलिस के अनुसार डीसीपी कार्यालय से प्राप्त शिकायत की जांच सदर थाना स्तर पर कराई गई। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश ने बताया कि एससी-एसटी एक्ट लागू होने के कारण मामले की जांच एसीपी सिटी को सौंपी गई है। पुलिस साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष जांच कर आगे की कार्रवाई करेगी।

## एशियन गेम्स के लिए चुने गए अपर्णा और विनय कुंडू

■ जापान में होने वाले एशियन गेम्स में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**खरखौदा।** प्रताप विद्यालय, खरखौदा के वुशु खिलाड़ी अपर्णा और विनय कुंडू का चयन एशियन गेम्स के लिए हुआ है। श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित चयन ट्रायल में अपर्णा ने 52 किलोग्राम और विनय कुंडू ने 60 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर आगामी जापान में होने वाले एशियन गेम्स के लिए अपनी जगह पक्की की। इस उपलब्धि पर प्रताप विद्यालय प्रबंधन समिति ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के संस्थापक सतप्रकाश, प्रधानाचार्या दया दहिया, अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया, वुशु कोच विनोद गुलिया और दिवस कटारिया ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। द्रोणाचार्य अवार्डी एवं स्कूल खेल निदेशक ओमप्रकाश दहिया ने बताया कि अपर्णा छह बार और विनय कुंडू तीन बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों खिलाड़ी एशियन गेम्स में भी शानदार प्रदर्शन कर देश के लिए पदक जीतेंगे। अकादमिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने कहा कि अपर्णा और विनय की सफलता यह साबित करती है कि उच्च स्तरीय प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर मार्गदर्शन से खिलाड़ी विश्व स्तर तक पहुंच सकते हैं। विद्यालय परिवार को दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धि पर गर्व है

## आचार्य पंडित रामकृष्ण पाठक के नेतृत्व में पूजन

# परमा एकादशी पर मंत्रोच्चारण के साथ किया अखंड जप एवं पूजन

**परमा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को व्रत की कथा सुनाई थी**



सोनीपत। मोहन नगर स्थित बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर चैरिटेबल सोसायटी में परमा एकादशी पर अखंड जप करते ब्राह्मण तथा बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य पंडित रामकृष्ण पाठक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

परमा एकादशी (पुरुषोत्तम/मलमास एकादशी) के अवसर पर मोहन नगर स्थित बगलामुखी विष्णेश्वर महादेव मंदिर चैरिटेबल सोसायटी में वीरवार को आचार्य पंडित रामकृष्ण पाठक के नेतृत्व में आठ ब्राह्मणों ने 24 घंटे के लिए मंत्रोच्चारण के साथ अखंड जप एवं पूजन किया। पंडित रामकृष्ण पाठक ने बताया कि परमा एकादशी के दिन भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को इस व्रत की कथा सुनाई थी। परमा एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट, दरिद्रता दूर होती है। अंत में उसे बैकुंठ धाम की प्राप्ति होती है। पंडित रामकृष्ण पाठक ने परमा एकादशी व्रत के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पौराणिक कथा के अनुसार काम्पिल्य नगर में सुमेधा नाम का एक अत्यंत धर्मात्मा ब्राह्मण अपनी पत्नी पवित्रा के साथ रहता था। ब्राह्मण बहुत गरीब था, जिसके कारण उन्हें जीवन में भारी कष्टों का सामना करना पड़ता था।



अत्यधिक निर्धनता से परेशान होकर एक दिन ब्राह्मण ने धन कमाने के लिए प्रदेश जाने का विचार किया। यह सुनकर उसकी पतिव्रता पत्नी पवित्रा ने उसे रोकते हुए कहा कि मनुष्य को अपने पूर्व कर्मों के अनुसार ही धन या सुख-सुविधाएं प्राप्त होती हैं, इसलिए हमें यहीं रहकर धर्म का पालन करना चाहिए। कुछ समय बाद उनके घर में कौण्डिन्य ऋषि का आगमन हुआ। ब्राह्मण दंपत्ति ने पूरी श्रद्धा के साथ ऋषि की सेवा की, अपनी गरीबी दूर करने का उपाय पूछा। तब कौण्डिन्य ऋषि ने उन्हें अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) के कृष्ण पक्ष की एकादशी, जिसे परमा एकादशी कहा जाता है, का व्रत करने का विधान बताया।

### धन-धान्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति

ऋषि के कहे अनुसार ब्राह्मण और उनकी पत्नी ने पूर्ण विधिविधान, उपवास, दान और रात्रि में भगवान विष्णु के जागरण के साथ इस व्रत का पारण किया। इस व्रत के प्रभाव से उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया, जिससे उनकी सारी दरिद्रता दूर हो गई और उन्हें धन-धान्य और सुख-समृद्धि की प्राप्ति हुई। अंत समय में दोनों ने इस लोक में सुख भोगकर श्रीहरि के धाम (बैकुंठ) में स्थान प्राप्त किया। मान्यता है कि परमा एकादशी व्रत के प्रभाव से जुड़ी एक अन्य कथा के अनुसार राजा कुबेर ने भी इस व्रत का पालन किया था, जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें देवताओं का कोषाध्यक्ष (धन का देवता) बनाया था। पंडित रामकृष्ण पाठक ने बताया कि मनुष्य को जीवन में परिवर्तन लाने के लिए अपने कर्मों के साथ भगवान में भी आस्था रखनी चाहिए, तभी हमारा कल्याण संभव है।

## क्षमता निर्माण वर्कशॉप का आयोजन

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग शिक्षा के क्षेत्र में ला रहा क्रांतिकारी बदलाव : जैन



सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में 'क्लासरूम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग' विषय पर आयोजित क्षमता निर्माण वर्कशॉप में प्राचार्या गीता चोपड़ा और सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन दीप्ति अरोड़ा व मोनिका बत्रा के साथ प्रतिभागी टीचर।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई के सौजन्य से 'क्लासरूम में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग' विषय पर क्षमता निर्माण वर्कशॉप का विशेष आयोजन किया गया, जिसमें 50 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। चेयरमैन सुधीर जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व स्कूल की प्राचार्या गीता चोपड़ा ने सीबीएसई की रिसोर्स पर्सन दीप्ति अरोड़ा व मोनिका बत्रा के साथ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वर्कशॉप का शुभारंभ किया। इस सत्र का उद्देश्य शिक्षकों को शिक्षण और अधिगम प्रक्रियाओं में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को प्रभावी ढंग से एकीकृत करने के लिए ज्ञान और व्यावहारिक रणनीतियों से लैस करना था। इस मौके पर रिसोर्स पर्सन दीप्ति अरोड़ा ने शिक्षा में एआई के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे बुद्धिमान ट्यूटरिंग सिस्टम, अनुकूली शिक्षण प्लेटफॉर्म और एआई-आधारित मूल्यांकन जैसे उपकरण छात्रों के लिए सीखने के अनुभवों को व्यक्तिगत रूप दे सकते हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, पारुल, योगिंद्र, स्पोर्ट्स इंचार्ज संजीत सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### बाइक चोरी मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बिटू उर्फ परमिंदर पुत्र धर्मबीर और नीरज उर्फ नीरु पुत्र ओमप्रकाश, निवासी गांव रिढाऊ, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बहु अकबरपुर निवासी संदीप ने 8 जून को शिकायत दी थी कि वह 6 जून की रात अपने दोस्त सुरेंद्र की मोटरसाइकिल लेकर सारंग रोड स्थित एएम टू पीएम होटल के पास गया था। होटल के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी कर वह अंदर चला गया था।

## न्यूज डायरी



### पानीपत में होगा ओबीसी कर्मचारी सम्मेलन : पांचाल

गोहाना। पानीपत में अंबेडकर भवन में 14 जून को ओबीसी कर्मचारी राज्यस्तरीय सम्मेलन आयोजित होगा। सम्मेलन को लेकर ओबीसी रोडवेज कर्मचारी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष योगी और राज्य महासचिव रामनिवास पांचाल ने बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। महासचिव रामनिवास पांचाल ने कहा कि रोडवेज कर्मचारी महासभा ओबीसी कर्मचारियों के मान सम्मान और अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी लंबित मांगों को सरकार तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसी क्रम में पानीपत के अंबेडकर भवन में 14 जून को ओबीसी कर्मचारियों का राज्य स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन में हरियाणा के सभी रोडवेज डिपो व अन्य विभागों के ओबीसी कर्मचारी शामिल होंगे। प्रधान सुभाष योगी ने बताया कि पूरे हरियाणा से ओबीसी कर्मचारी साथियों का आह्वान किया गया है।



### जिला व ब्लॉक स्तर पर मनाया जाएगा विश्व योग दिवस

सोनीपत। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा ने कहा कि 21 जून को जिले में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला एवं ब्लॉक स्तर पर जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। इसके माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में अजय चोपड़ा ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि 12 जून को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर में योग कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को अपनी जिम्मेदारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। अजय चोपड़ा ने जिलावासियों से हर घर योग-हर दिन योग अभियान के तहत पंजीकरण कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि 15 जून को योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा।



### शिविर में पहुंची पानी की लाइन में गड़बड़ी की शिकायत

खरखौदा। यहां आयोजित समाधान शिविर में गांव मंडौरी के ग्रामीणों ने सरकारी पानी की लाइन बिछाने में कथित अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसडीएम अमित कुमार ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को मामले की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा दी गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गांव में सरकारी पानी की पाइप लाइन बिछाने के कार्य के दौरान गड़बड़ियां की गई हैं। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि कुछ लोगों ने निजी लाभ के लिए सरकारी पाइप लाइन में बदलाव कर अपने निजी कनेक्शन जोड़ लिए, जिससे अन्य उपभोक्ताओं तक पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी धन का दुरुपयोग करते हुए सरकारी पाइप लाइन का इस्तेमाल निजी कार्यों के लिए किया गया है।



### कन्या कॉलेज में योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

खरखौदा। 12वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रोटोकॉल तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन सावित्री बाई फूले कन्या महाविद्यालय खरखौदा में शुरू हुआ। जिसमें 120 प्रतिभागियों ने योगाभ्यास किया। उपमंडल अधिकारी अमित कुमार के मार्गदर्शन और योग नोडल अधिकारी एवं खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी सुरेन्द्र आर्य के दिशा निर्देशन में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षा विभाग के पीटीआई, डीपी, आयुष के चिकित्सक डॉ जयदीप सिवाच, डॉ नीलम, डॉ दीप्ति, डॉ सोनम, डॉ कीर्ति, फार्मासिस्ट सुनील खोखर व योग सहायकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। मंच का संचालन आयुष योग सहायक मोहित द्वारा किया गया। योग प्रोटोकॉल में निर्देशित सूक्ष्म क्रिया- ताड़ासन, पादहस्तासन, भुजंगासन, उत्तानपादासन तथा अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया। मंच पर योग की प्रस्तुति पुष्पा, नीलम, अजय दहिया योग सहायकों द्वारा दी गई।



### पं. राम प्रसाद बिस्मिल को 129वीं जयंती पर किया याद

गोहाना। पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित शहीद चंद्रशेखर आजाद पार्क में पं. राम प्रसाद बिस्मिल की 129वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में नागरिकों ने पं. राम प्रसाद बिस्मिल को याद करते हुए नमन किया। मुख्य वक्ता पार्क सुधार सभा के पूर्व अध्यक्ष एवं शिक्षाविद् रमेश मेहता ने कहा पं. राम प्रसाद बिस्मिल भारत के महान स्वतंत्रता सेनानी होने के साथ-साथ एक देशभक्त कवि भी थे। उनका जन्म 11 जून 1897 को उत्तरप्रदेश के शाहजहांपुर में हुआ था। राम प्रसाद बिस्मिल ने 1918 के मैनपुरी षडयंत्र और 1925 के काकोरी षड्यंत्र में बढ़ चढ़कर भाग लिया था और ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ संघर्ष किया और मात्र 30 वर्ष की आयु में देश के लिए शहीद हो गए। जयंती समारोह की अध्यक्षता पं. रमेश बावा ने की। मार्गदर्शन मोर्चे के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी का रहा।

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार प्रसार कार्यक्रम 15 से

गन्नौर। केंद्र सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से 15 जून को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, गन्नौर में जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी एसडीएम प्रवेश कादियान ने उपमंडलीय स्तरीय अधिकारियों की बैठक में दी। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत, पीएम सूर्य घर योजना, स्वनिधि योजना, लखपति दीदी योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।



सोनीपत। बैठक के दौरान उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

### सरकारी अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता : नेहा

सोनीपत। उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में आयुष्मान योजना और सिविल अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, अस्पतालों की व्यवस्थाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। नेहा सिंह ने सीएमओ को निर्देश दिए कि जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने डॉक्टरों के व्यवहार में संवेदनशीलता और सहजता लाने पर विशेष जोर दिया। साथ ही ओपीडी समय के दौरान मरीजों के उपचार से वंचित रहने की शिकायतों की जांच कराने के निर्देश दिए। बच्चों के वार्डों में एसी की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी। आयुष्मान योजना के क्लेम रिजेक्शन मामलों को कम करने के लिए आयुष्मान मित्रों और ऑपरेटरों के विशेष प्रशिक्षण के निर्देश भी दिए।

# पावर हाउस से औद्योगिक क्षेत्र की बिजली लाइन जोड़ने का विरोध

- गांव भोगीपुर के ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गन्नौर। बिजली लाइन जोड़े जाने के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन देते हुए ग्रामीण।

गांव भोगीपुर के ग्रामीणों ने भोगीपुर पावर हाउस से औद्योगिक क्षेत्र की बिजली लाइन जोड़े जाने की योजना का विरोध जताते एसडीएम प्रवेश कादियान को ज्ञापन देकर समाधान की मांग की। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र की बिजली लाइन जोड़े जाने की योजना से गांव और आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। भोगीपुर के सरपंच सावन ग्रामीण मुनीश, रविंद्र, सुमित, दीक्षा, कर्मवीर, सुनील, राजेश, जीतिन ने ज्ञापन में बताया कि वर्तमान में गांव भोगीपुर तथा आसपास के कई गांवों को इसी पावर हाउस से बिजली आपूर्ति की जाती है। यदि औद्योगिक क्षेत्र की अतिरिक्त बिजली लाइन भी इसी पावर हाउस से जोड़ दी गई तो भविष्य में बिजली पर भार बढ़ने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या उत्पन्न होगी। इससे किसानों, घरेलू उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि औद्योगिक क्षेत्र की बिजली लाइन को किसी अन्य उपयुक्त स्रोत से जोड़ा जाए।

### केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलेगा अभियान



सोनीपत। सरल केंद्र का निरीक्षण करते हुए एसडीएम एवं अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

सोनीपत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार अभियान के अंतर्गत 15 जून को सोनीपत के लघु सचिवालय स्थित सरल केंद्र में विशेष जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एसडीएम सुभाष चंद्र ने सरल केंद्र परिसर का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कार्यक्रम स्थल पर प्रदर्शनी, लोगों के बैठने की व्यवस्था, पार्किंग व अन्य आवश्यक सुविधाओं की समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं पर आधारित विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें आम नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।

# रोटरी क्लब ने मानव सेवा समिति को भेंट किया वाटर कूलर-आरओ

- क्लब ने समिति को भेंट किया वाटर कूलर और आरओ, विधायक ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विधायक एवं क्लब के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट ने समाज सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए बत्रा कॉलोनी स्थित मानव सेवा समिति को एक वाटर कूलर एवं आरओ सिस्टम भेंट किया। आयोजित कार्यक्रम में सोनीपत के विधायक निखिल मदान मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के मीटिंग चेयरमैन रोटेरियन जितेंद्र चावला ने की। विधायक निखिल मदान ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना करते कहा कि इस प्रकार की जनहितकारी पहलें समाज में सेवा, सहयोग और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने क्लब के सभी सदस्यों को इस सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी। क्लब के अध्यक्ष पुनीत जग्गा ने बताया कि रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत आर्डेंट समय-समय पर शिक्षा, स्वास्थ्य और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न सेवा कार्यों का आयोजन करता रहता है। उन्होंने कहा कि मानव सेवा समिति में आने वाले लोगों को अब स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की बेहतर सुविधा मिल सकेगी। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष मदन लाल टुटेजा, केसी बत्रा, सुभाष शर्मा, हर्ष दीवान, सुभाष अरोड़ा आदि मौजूद रहे।



गोहाना। शिविर में शिकायतें सुनते एसडीएम अंकित कुमार। फोटो : हरिभूमि

### शिकायतों के समाधान को प्राथमिकता दें अधिकारी

गोहाना। सोनीपत मार्ग स्थित लघु सचिवालय में गुरुवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने आमजन से जुड़े विभिन्न मामलों की समीक्षा करते संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। शिविर में पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों को समाधान शिविर में अधिकारियों के समक्ष रखा। शिविर में अधिकतर शिकायतें फेमिली आईडी ठीक करवाने, नई सब्जी मंडी के साथ लगती झुग्गियों में आगजनी की घटना, इंतकाल दर्ज करवाने, बिजली कनेक्शन लगवाने और जमीन से अवैध कब्जा हटवाने जैसी शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें कुछ समस्याओं का समाधान मौके पर किया गया तथा अन्य समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के पास भेजा गया। एसडीएम अंकित कुमार ने स्पष्ट किया कि जिन मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उन्हें अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। समस्याओं का समय पर समाधान होने से लोगों का समाधान शिविर पर विश्वास और अधिक मजबूत होता है। अधिकारी शिकायतों के समाधान को प्राथमिकता दें। समाधान शिविर के दौरान कई मामलों में विभागीय अधिकारियों से शिकायतों के लंबित रहने के कारणों की पूछताछ की गई तथा आवश्यक कार्रवाई के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई।

# 21 जुलाई से 20 अगस्त तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी: कादियान

- गन्नौर ईआरओ ने पत्रकार वार्ता से की एसआईआर की जानकारी सांझा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गन्नौर



गन्नौर। गन्नौर विधानसभा ईआरओ एवं एसडीएम प्रवेश कादियान जानकरी देते हुए।

गन्नौर विधानसभा ईआरओ एवं एसडीएम प्रवेश कादियान ने वीरवार को गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। पत्रकार वार्ता के दौरान ईआरओ ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार गन्नौर विधानसभा में सभी सुपरवाईजरों एवं बीएलओं द्वारा ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया, समय-सीमा एवं आमजन की भागीदारी के साथ पूर्ण किया जाएगा। कादियान ने कहा कि एसआईआर को सफलतम रूप प्रदान करने के लिए सभी बीएलओ एवं सुपरवाईजरों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन पूर्ण किया जा चुका है। 15 जून से 14 जुलाई तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना फार्म वितरित करने एवं एकत्रित करने का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही 14 जुलाई तक मतदान केंद्रों के युक्तिकरण एवं पुनर्व्यवस्थीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 21 जुलाई को किया जाएगा। इसके पश्चात 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। सूचना चरण के अंतर्गत नोटिस जारी करना, सुनवाई एवं सत्यापन की प्रक्रिया 21 जुलाई से 18 सितंबर 2026 तक चलेगी तथा अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 22 सितंबर को किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि 28 गन्नौर विधानसभा क्षेत्र में 223 मतदान केंद्रों के लिए 223 बीएलओ एवं 24 सुपरवाइजर कार्यरत हैं।

## फसलों के बीजों की गुणवत्ता पर कृषि विभाग सख्त

# अलग-अलग फसलों के बीजों के 10 सैंपल लिए

**सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजा**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सोनीपत

खरीफ सीजन की शुरुआत होने के साथ धान, ज्वार, बाजरा, कपास, ढैंचा सहित विभिन्न फसलों के बीज, खाद व दवाईयों की खरीद बढ़ने लगी है। कृषि विभाग ने सीजन में किसानों को बेहतर गुणवत्ता के बीज मुहैया करवाने के लिए कमर कस ली है। इसके चलते वीरवार को कृषि विभाग की टीम ने सोनीपत बीज मार्केट की विभिन्न दुकानों पर अलग-अलग फसलों के बीज के 10 सैंपल एकत्रित किए। इसके बाद सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अगर किसी सैंपल में गुणवत्ता कम पाई जाती है, तो संबंधित विक्रेता के खिलाफ विभागीय कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। बता दें की सीजन के साथ दुकानों पर बीज की मांग बढ़ने से कई बार विक्रेता मुनाफा कमाने के चक्कर में किसानों को कम गुणवत्ता का बीज बेचने का प्रयास करते हैं। इससे फसल की गुणवत्ता पर प्रभाव पढ़ने के साथ किसान को भी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ता है। विभान के अधिकारियों ने खरीज सीजन में किसानों की सुविधा के लिए दुकानों पर छापा मारने के साथ सैंपल एकत्रित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी के तहत विभाग की टीम ने क्यूसीआई राकेश हुड्डा के नेतृत्व में मुरथल रोड स्थित बीज मार्केट में दुकानों पर पहुंचकर विभिन्न फसलों के बीज के 10 सैंपल लिए। सैंपलों को जांच के लिए कागजी कार्रवाई पूरी करके लैब में भेजा दिया गया है।

### पक्के बिल पर खरीद करने का सुझाव

विभाग के अधिकारियों ने बीज विक्रेताओं को निर्देश दिए कि वह किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज ही उपलब्ध करवाएं। अगर बीज या दवाई एक्सपायरी हो चुके हैं, तो उन्हें दुकान में अलग जगह रखा जाए, ताकि किसानों को गलती से भी यह सामग्री न बेची जा सके। अधिकारियों ने किसानों का आह्वान किया कि वह पक्के बिल पर ही बीज, दवाई या खाद की खरीद करें।

### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

जिले के किसानों को खरीफ सीजन में बेहतर गुणवत्ता के बीज, खाद व दवा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग ने लगातार दुकानों से सैंपल एकत्रित करने का निर्णय लिया है। टीम ने वीरवार को बीज मार्केट की दुकानों से बीज के 10 सैंपल एकत्रित किए। जिनकी लैब से रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्यवाही होगी। -पीके गुलिया, कृषि उप निदेशक, सोनीपत

**NOTICE**

I, Dharmender Antil S/o Sh. Dayanand Singh Antil, aged 45 years, resident of 235, Kurar Ibrahimpur, Sonipat, Haryana - 131039, declare that my correct name is Dharmender Antil. In some records, my name is wrongly mentioned as Dharmender Singh Antil. Both names refer to one and the same person. Henceforth, I shall be known as Dharmender Antil for all purposes.

5.21 करोड़ से दूर हो रही कमियां

# नागरिक अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने की तैयारी

- अस्पताल भवन की जल्द बदलेगी सूरत, पुरानी टाइलों को उखाड़ बिछाया जा रहा पत्थर, छत की सीलिंग भी होगी दुरुस्त
- अस्पताल में मरीजों के साथ स्टाफ कर्मियों की सुविधा के लिए हो रहे अलग-अलग कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

सिटी पल्स

दिल्ली रोड स्थित नागरिक अस्पताल में मरीजों को जल्द बेहतर सुविधाएं मुहैया हो सकेंगी। लोक निर्माण विभाग की ओर से अस्पताल में करीब 5.21 करोड़ रुपये की राशि से कायाकल्प किया जा रहा है। यहां इलाज करवाने के लिए आने वाले मरीजों व स्टाफ कर्मियों की बेहतर सुविधाओं के लिए भवन में विभिन्न मरम्मत के कार्य जारी हैं। अस्पताल परिसर में भवन की सूरत बदलने के साथ, पुरानी हो चुकी टाइलों को उखाड़कर नया पत्थर लगाया गया है। साथ ही सड़क का निर्माण जारी है। पार्किंग का भी सौंदर्यीकरण करवाया जाएगा। साथ ही कई जगह उखड़कर गिर चुकी छत की सीलिंग को भी बदलवाने का निर्णय लिया गया है। बता दें कि मरीजों व स्वास्थ्य कर्मियों की समस्या को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने भवन के रेनोवेशन के लिए वर्ष 2025 में मुख्यालय को पत्र लिखा गया था। रेनोवेशन की मंजूरी मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग को अस्पताल में संबंधित कार्य करवाने का जिम्मा सौंपा गया है। विभाग ने टेंडर प्रक्रिया के बाद अक्तूबर 2025 में अस्पताल में भवन के साथ सड़कों के पुनर्निर्माण की शुरुआत की थी। सड़कों का निर्माण अब अंतिम चरण में है। जिससे आवागमन में सुविधा मिल सकेगी। अस्पताल के भवन, फर्श, छत, शौचालयों की मरम्मत, पार्किंग परिसर के सौंदर्यीकरण के साथ सड़क निर्माण के लिए करीब 5.21 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा रही है। विभाग ने अक्तूबर 2027 तक सभी कार्यों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है।



सोनीपत। नागरिक अस्पताल में अपनी बारी का इंतजार करते इलाज करवाने आए मरीज व परिजन।

## बारिश में छत से नहीं टपकेगा पानी

जिला नागरिक अस्पताल का भवन वक्त के साथ पुराना होने के साथ कई जगह दरारें आ गई थी। दीवारों व छत से लेंटर की पपड़ियां उखड़ने लगी थी। छत की सीलिंग भी खस्ताहाल की स्थिति में पहुंच चुकी है। कई जगह तो सीलिंग खराब होकर उखड़ने के बाद गिर चुकी है। इतना ही नहीं, बारिश के मौसम में आपातकालीन कक्ष से लेकर ओपीडी व शिशु वार्ड में छत से पानी टपकने की समस्या बनी रहती है। इससे स्वास्थ्य कर्मचारियों के साथ अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## प्रवेश द्वार पर आवागमन के होंगे अलग-अलग मार्ग

अस्पताल के प्रवेश द्वार पर आवागमन करने वाहन चालकों के लिए पानीपत की तर्ज पर अगल-अलग मार्ग की व्यवस्था की जा रही है। सुंदरता बढ़ाने के लिए दोनों मार्ग के बीच में पौधे लगाने का भी प्रावधान रखा गया है। प्रशासन की ओर से अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। अधिकारी कई बार अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा कर चुके हैं। सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरे करवाने की हिदायत दी गई है। अधिकारियों की मानें तो अस्पताल में लोगों को बेहतर सुविधाएं मुहैया करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। सुरक्षा मानकों पर भी सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।



सरकार का यह प्रयास सराहनीय है। जिला के एकमात्र नागरिक अस्पताल में ज्यादा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निर्भर रहना पड़ता है। अस्पताल में व्यवस्थाओं का सुधार होगा, तो मरीजों के साथ कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा।
**-रविंद्र भारद्वाज**, शहरवासी



नागरिक अस्पताल काफी समय से अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में बना रहता था। आमतौर पर करीब 2000 शहरवासी नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने पहुंचते हैं। अगर अस्पताल में रेनोवेशन का कार्य जल्द पूरा हो जाता है, तो मरीजों को सुविधा मिल सकेगी।
**-जगदीश धीर**, शहरवासी



नागरिक अस्पताल में फिलहाल भवन के रेनोवेशन का कार्य जारी हैं। मरीजों व स्टाफ कर्मियों की सुविधा के लिए भवन, शौचालयों, पार्किंग क्षेत्र की मरम्मत, सड़क निर्माण के कार्य जारी हैं। सड़कों के पुनर्निर्माण का कार्य करीब 15 प्रतिशत शेष बचा है। अस्पताल में रेनोवेशन का कार्य पूर्ण होने के बाद मरीजों व कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।
**-निखिल मदान**, विधायक, सोनीपत

जनसमस्याओं के अंबार के बीच सामान्य कार्यों को बड़ी उपलब्धि बताने पर उठे सवाल

# वाह रे जिला प्रशासन: जो जिम्मेदारी वही किया, फिर काहे की वाहवाही

- तीन शिकायतों का समाधान करने पर उपायुक्त से मिलने पहुंचे दो शिकायतकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कैसा जमाना आ गया है? जिस काम की तनख्वाह मिल रही है, उस काम को करने पर भी वाहवाही चाहिये। ये हैरतंगेज कारनामा अपने सोनीपत जिला प्रशासन का ही है। जब तीन 'बहुत बड़ी' शिकायतों का तुरंत समाधान कर विकास की झड़ी लगाई गई थी। मामला है तो कुछ पुराना, लेकिन सामने आया गुरुवार को, जब जिला प्रशासन की ओर से प्रेस विज्ञप्ति और फोटो प्राप्त हुई। वैसे सोचने वाली बात है कि किसी भी जिले में जिला प्रशासन का काम होता है, लोगों की समस्याओं का निवारण करना। सोनीपत जिले में हर गली मोहल्ले में समस्याएं व्याप्त हैं। कहीं पीने के पानी की समस्या है तो कहीं सीवर ब्लॉक हैं। कहीं पर बिजली सप्लाई पूरी नहीं मिलती तो कहीं पर गलियां सालों से निर्माण के इंतजार में हैं। इतना ही नहीं शायद ही सोनीपत की कोई एक ऐसी सड़क होगी, जिसे मरम्मत की जरूरत नहीं हो। हजारों शिकायतें रोजाना होती हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम हमेशा सख्त निर्देश दिए जाते हैं। लघु सचिवालय में रोजाना सैंकड़ों की संख्या में लोग शिकायतें लेकर पहुंचते हैं। लेकिन यहां से भी कागजों पर नंबर लगाकर आगे कर दिया जाता है। जिला प्रशासन का मुख्य दायित्व आम जनता की समस्याओं को सुनना और उनका समय पर समाधान करना होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह कोई अतिरिक्त उपकार नहीं, बल्कि प्रशासन का बुनियादी काम है, लेकिन सोनीपत जिला प्रशासन इन दिनों अपनी सामान्य कार्यप्रणाली को ही इतनी बड़ी उपलब्धि मानकर पेश कर रहा है, जैसे उन्होंने कोई बहुत बड़ा तीर मार लिया हो। महज तीन छोटी और बुनियादी शिकायतों का निपटारा करके प्रशासन खुद को जनता का मसीहा और हीरो साबित करने की कोशिश में जुट गया है।



सोनीपत। उपायुक्त कार्यालय में पहुंचे शिकायतकर्ताओं के साथ बातचीत करती उपायुक्त।

## क्या कहता है जिला प्रशासन

विज्ञप्ति के अनुसार उपायुक्त नेहा सिंह ने ईमेल आईडी पर मिली शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करते हुए लोगों को समस्याओं ने निजात दिलाई। गुरूवार को सिद्घार्थ कॉलोनी निवासी अंकित व कल्याण नगर निवासी अंकित ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर उपायुक्त नेहा सिंह से मुलाकात की और उनकी समस्याओं का समाधान करने को लेकर धन्यवाद करते हुए उनका आभार जताया। अंकित ने बताया कि उन्होंने ई-मेल के माध्यम से उपायुक्त को शिकायत भेजी थी कि उनके क्षेत्र में नई गली का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन पुरानी गली का कंक्रीट अभी भी मौके पर पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा नई गली में बनाए गए सीवरेज मैनहोल सडक की सतह से ऊपर होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी और वहां से गुजरने वाले वाहनों को भी नुकसान पहुंचने का खतरा था। शिकायत प्राप्त होते ही उपायुक्त ने मामले का तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को समस्या का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया गया। इसके अलावा कल्याण नगर निवासी अंकित ने शिकायत भेजी थी कि उनको कॉलेज में दाखिला लेना है लेकिन फैमिली आईडी में जाति वेरिफाई न होने के कारण उसका ओबीसी प्रमाण पत्र नहीं बन पा रही है। संबंधित शिकायत प्राप्त होते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कार्यालय बुलाकर तुरंत संबंधित शिकायत का समाधान करवाया। इसके अलावा एक अन्य प्राप्त शिकायत गांव प्रहलादपुर किडौली निवासी रोहिणी की गांव में ड्रेन की सफाई न होने को लेकर थी, जिसको उपायुक्त ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

## कर्तव्य है, कोई बहादुरी का काम नहीं

इन तीनों मामलों को अगर देखा जाए, तो ये पूरी तरह से बुनियादी और नगर निगम या संबंधित विभागों के रोजमर्रा के काम हैं। कंक्रीट उठाना, मैनहोल ठीक करना, फैमिली आईडी की गलती सुधारना और ड्रेन की सफाई करवाना, ये तमाम काम संबंधित विभागों के कनिष्ठ अभियंताओं और क्लर्कों के स्तर के हैं। लेकिन इन मामलों को सीधे उपायुक्त स्तर पर हल कराकर जिस तरह से प्रचारित किया गया, उसने प्रशासनिक गंभीरता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में सत्यापित होता है कि जब तक कोई मामला उपायुक्त या बड़े अधिकारी, मंत्री तक न पहुंचे या ईमेल न किया जाए, तब तक निचले स्तर के अधिकारी सोते रहते हैं। लोगों का कहना है कि जब कोई काम खुद अधिकारियों की लापरवाही के कारण अटका हुआ था, तो उसे ठीक करना कर्तव्य है, न कि कोई बहुत बड़ी बहादुरी।

## समाधान शिविर : 27 शिकायतें और 'निर्देश'

**सोनीपत।** पीजीआई खानपुर के संयुक्त निदेशक सुरेंद्र दून के नेतृत्व में वीरवार को लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 27 शिकायतें प्राप्त हुई। शिविर में प्राप्त हुई शिकायतों में से मुख्य तौर पर बिजली बिल ठीक करवाने बारे, गांव शहजादपुर के एक मकान में लगे बिजली पोल को दूसरी जगह शिफ्ट करवाने बारे, सोलर पैनल लगवाने बारे, पहचान पत्र में प्रॉपर्टी आईडी को ठीक करवाने बारे, गांव जाजी के जोहड़ की खुदाई व सफाई करवाने बारे, मीटर बदलवाने तथा फैमिली आईडी में इनकम कम करवाने बारे, प्रधानमंत्री हर घर जल योजना के अंतर्गत गली में पानी की पाइपलाइन लगवाने हेतु प्रार्थना पत्र, गांव कामी की पंचायती भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को हटवाने बारे, गुलाबी राशन कार्ड दोबारा बनवाने बारे, गांव मोहाना में रास्ता संख्या 303 से अवैध कब्जा हटाकर रास्ता पक्का करवाने आदि शामिल रही। अन्य शिकायतों में गांव हरसाना कला से साझे की खेवट में से बिना प्रार्थी की सहमति के मिट्टी उठवाने की शिकायत, सरकारी रास्ता व पानी के रास्ते (खाळ) को कब्जा मुक्त करवाने की शिकायत, गांव बैंयापुर में सादा वाली गली में समस्त गलीवासियों द्वारा अपर्याप्त जल निकासी व्यवस्था के कारण उत्पन्न समस्या एवं नई पुलिया के निर्माण हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सभी शिकायतों पर सुनवाई करते हुए पीजीआई खानपुर के संयुक्त निदेशक सुरेंद्र दून ने संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान एसीपी जसपाल सिंह, डीआरओ सुशील कुमार, डीडीपीओ मनीष मलिक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## ठेकेदार की लापरवाही पर हो कार्रवाई

विकास कार्यों के नाम पर नई गली तो बना दी गई, लेकिन उसका ठेका पूरा होने के बाद भी ठेकेदार ने पुरानी गली का कंक्रीट वहीं छोड़ दिया। सीवरेज के मैनहोल सड़क से ऊपर छोड़ दिए गए, जो साफ तौर पर निर्माण कार्य में लापरवाही को दर्शाता है। इस लापरवाही पर संबंधित ठेकेदार या अधिकारियों पर कार्रवाई करने के बजाय, सिर्फ मलबा हटवाकर इसे एक बड़ी सफलता के रूप में पेश किया जा रहा है।

## अंकित को तो मिला दाखिला बाकियों का क्या

हरियाणा सरकार की फैमिली आईडी योजना आम जनता के लिए जी का जंजाल बनी हुई है। कल्याण नगर के छात्र अंकित को कॉलेज में दाखिला लेने के लिए ओबीसी सर्टिफिकेट चाहिए था, जो सिर्फ इसलिए नहीं बन रहा था क्योंकि फैमिली आईडी में उसकी जाति वेरिफाई नहीं थी। यह एक ऐसा सॉफ्टवेयर आधारित काम है, जिसके लिए हजारों छात्र रोज परेशान होते हैं। एक छात्र का काम उपायुक्त ने अधिकारियों को बुलाकर करा दिया, लेकिन उन हजारों छात्रों का क्या जो आज भी लाइन में खड़े हैं?

## ड्रेन सफाई का रूटीन कार्य

प्रहलादपुर किडौली में ड्रेन की सफाई का मामला पूरी तरह से मानसून से पहले की जाने वाली प्रशासनिक तैयारियों का हिस्सा होना चाहिए। ड्रेन ब्लॉक होने से गांव में बीमारी और जलभराव का खतरा रहता है। रोहिणी नामक महिला की शिकायत पर उपायुक्त को निर्देश देने पड़े, जिससे साफ है कि संबंधित विभाग अपने स्तर पर गांवों में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। इस रूटीन के काम को भी प्रशासन ने अपनी बड़ी उपलब्धियों की सूची में डाल दिया है।

## न्यूज डायरी

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता होंगी सम्मानित



गोहाना। कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने वीरवार को जिला गोहाना कार्यालय में जिला गोहाना के कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित किया। अध्यक्षता जिला गोहाना भाजपा अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की। डॉ.अरविंद शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के गोहाना स्थित कम्यूनिटी सेंटर में 21 जून को शाम 4 बजे स्वागत समारोह के लिए ड्यूटियां लगाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 साल का शासनकाल बेमिसाल रहा।भारत की अर्थव्यवस्था को 11 वे पायदान से चौथे नंबर पर पहुंचा दिया है। जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार और प्रदेश की नायब सरकार से हर वर्ग खुश है। सरकार की गरीब कल्याण की योजना अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही हैं।

### स्वच्छता प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी : विरमानी



**गोहाना।** नगर परिषद (नप) गोहाना की चेयरपर्सन रजनी विरमानी के नेतृत्व में वीरवार को प्रातः जींद मार्ग स्थित श्मशान घाट के समीप विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया तथा सफाई कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश भी दिया गया। चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने कहा कि स्वच्छता केवल नगर परिषद की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। यदि हम सभी अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता के प्रति जागरूक रहें, तो हमारा शहर और अधिक सुंदर, स्वच्छ एवं स्वस्थ बन सकता है। स्वच्छ वातावरण से न केवल बीमारियों पर नियंत्रण पाया जा सकता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को भी एक बेहतर और स्वस्थ परिवेश प्रदान किया जा सकता है।

### चौ. धज्जा राम जनता महाविद्यालय में तीन पीजी कोर्स शुरू

**गोहाना।** जनता विद्या भवन संस्था द्वारा संचालित चौ. धज्जा राम जनता महाविद्यालय बुटाना में तीन नए पीजी पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। प्रदेश



सरकार के उच्चतर शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से तीनों पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जो संस्थान के लिए एक उपलब्धि और क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए नई सौगात है। संस्थान प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह सांगवान के अनुसार नई प्रबंधन समिति संस्थान के शैक्षणिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संस्थान में एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमएससी फिजिक्स व एमए इंग्लिश पाठ्यक्रमों को प्रारंभ करने की अनुमति प्राप्त हुई है। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के संस्थानों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी। प्रबंधन समिति अध्यक्ष ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था के विकास के लिए भविष्य में भी नए-नए पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे।

### अतिथि अध्यापकों को शीघ्र नियमित किया जाए : चहल

**गोहाना।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अतिथि अध्यापकों को शीघ्र नियमित करने की मांग की है। अध्यापक संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र चहल, राज्य सचिव जोगेंद्र सिंह, जिला सचिव दिनेश छिक्कारा व खजांची रोहतास गंगाना ने कहा कि उच्च न्यायालय के फैसले अनुसार प्रदेश के सरकारी स्कूलों में लंबे समय से कार्यरत अतिथि अध्यापकों के अतिशीघ्र नियमितीकरण के लिए राजकीय अनुबंधित अध्यापक संघ के आह्वान पर 15 जून को शिक्षा मंत्री के पानीपत स्थित कैंप कार्यालय में राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। नरेन्द्र चहल के अनुसार प्रदेश सरकार द्वारा अनियमित शिक्षकों/कर्मचारियों को नियमित करने के उद्देश्य से 16 व 18 जून 2014 को नियमितीकरण की नीतियां बनाई गई थी। लंबी बहस के बाद 16 अप्रैल 2026 को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा उपरोक्त नीतियों को वैध ठहराते हुए इन नीतियों के अंतर्गत सेवा शर्तों को पूरा करने वाले अनियमित शिक्षकों/कर्मचारियों को नियमित करने के हक में निर्णय सुनाया। इसके बाद पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने 27 मई 2026 को निर्णय सुनाते हुए महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माण की आधारशिला होते हैं।

### चेयरपर्सन ने खिलाड़ियों की समस्याएं सुनीं

**गोहाना।** नगर परिषद की चेयरपर्सन रजनी विरमानी ने मदन लाल धींगड़ा स्टेडियम का निरीक्षण कर वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों से संवाद किया तथा उनकी समस्याओं और सुझावों को जाना। चेयरपर्सन ने इस दौरान स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया और खिलाड़ियों से खेल गतिविधियों एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। रजनी विरमानी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य खिलाड़ियों और बच्चों को बेहतर खेल सुविधाएं, स्वच्छ वातावरण तथा सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है। युवा खिलाड़ी कड़ी मेहनत और लगन के साथ अभ्यास कर रहे हैं तथा नगर परिषद उनकी सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर गोहाना और हरियाणा का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 9653530209, 9253681005, 9253681010

# अवैध जल कनेक्शन धारकों पर होगी कार्रवाई

**खरखौदा।** पब्लिक हेल्थ विभाग एसडीओ सुदेश कुमारी और जूनियर इंजीनियर रविंद्र कुमार ने बताया कि शहर और आसपास के क्षेत्रों में जल्द ही विशेष सर्वे अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत अवैध रूप से लिए गए पानी के कनेक्शनों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी तथा नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पानी के कनेक्शन का रिकॉर्ड विभाग के कार्यालय में दर्ज नहीं है, वे जल्द अपने कनेक्शन को वैध कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों सहित फाइल जमा करें। इसके साथ ही विभाग की टीमें डोर-टू-डोर सर्वे करेंगी और हर गली-मोहल्ले में जाकर पानी के कनेक्शनों का सत्यापन करेंगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी उपभोक्ता के पानी या बिल संबंधी रिकॉर्ड में कोई त्रुटि है तो वह आवेदन देकर उसे ठीक करवा सकता है। विभाग ने लोगों से सरकार की योजना का लाभ उठाने और अवैध कनेक्शनों को नियमित कराने की अपील की है।



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

# आरसीसी पाइपलाइन का कार्य जल्द पूर्ण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गांव छिछड़ाना के ग्रामीणों द्वारा वीरवार को सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कार्यकारी अभियंता से गांव छिछड़ाना में दबाई जा रही आरसीसी पाइपलाइन का कार्य जल्द पूर्ण करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि पाइपलाइन का कार्य पिछले तीन-चार साल से कछुआ गति से चल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं।

गांव के सरपंच राजबीर सिंह मलिक, पूर्व सरपंच संदीप मलिक, तेज सिंह, कृष्ण और भोला ने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा बरसाती पानी की निकासी के लिए गांव छिछड़ाना में आरसीसी पाइपलाइन दबाई जा रही है। इस पाइपलाइन के जरिए रूखी-घिलौड़ की तरफ पानी की निकासी की जानी है। पाइपलाइन का कार्य चले हुए तीन-चार वर्ष हो चुके हैं। जसबीर, श्रीभगवान और संदीप मलिक के अनुसार पाइपलाइन का कार्य कछुआ गति से चल रहा है।



**गोहाना।** कार्यकारी अभियंता को ज्ञापन सौंपते हुए गांव छिछड़ाना के ग्रामीण।

बादशाही रोड पर 33 केवी सब स्टेशन पर नया ट्रांसफार्मर आने के बाद क्षमता बढ़ाने में देरी

# ओवरलोड से शहर में बढ़े बिजली कट, लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गन्नौर के बादशाही रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन पर बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए 10 एमवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर की जगह 12.5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना है, लेकिन ट्रांसफार्मर सब स्टेशन में पहुंचने के बावजूद इसे अब तक चालू नहीं किया गया है। संबंधित एजेंसी इसको चालू करने में देरी कर रही है। इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है और शहरवासियों को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार निर्माण शाखा (कंस्ट्रक्शन विंग) द्वारा सब स्टेशन की क्षमता बढ़ाने की योजना के तहत 12.5 एमवीए क्षमता का नया ट्रांसफार्मर करीब 15 दिन पहले ही सब स्टेशन परिसर में पहुंचा दिया गया था। लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर स्थापित होने की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी की जा रही है, जबकि बढ़ती गर्मी और बिजली की मांग को देखते हुए इसे तत्काल चालू किया जाना चाहिए। उपभोक्ताओं का आरोप है कि मौजूदा 10 एमवीए ट्रांसफार्मर पर अधिक भार होने के कारण बिजली आपूर्ति बार-बार बाधित हो रही है।



**गन्नौर।** बादशाही रोड स्थित 33 केवी सब स्टेशन में रखा नया ट्रांसफार्मर जिसको एजेंसी लगा नही रही।

*ओवरलोड की समस्या को दूर करने के लिए नया ट्रांसफार्मर जरूरी*

*गन्नौर शहरी कार्यालय के एसडीओ सतीश गोयत ने बताया कि शहर में और ओवरलोड की समस्या को दूर करने के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया जाना बहुत जरूरी है वे संबंधित एजेंसी को बार-बार लगाने के लिए डिमांड कर रहे हैं। उम्मीद है जल्द ही नया ट्रांसफार्मर लग जाएगा पूरा ओवरलोड की समस्या समाप्त हो जाएगी।*